


তুমি কেমন করে গান করো হে গুণী
আমি অবাক হয়ে শুনি ...



# अंगार क्लब, सीएमपीडीआई ने अपना 25वॉ वर्षगांठ मनाया

रांची 23 नवम्बर। अंगार क्लब, सीएमपीडीआई ने अपना 25वॉं वर्षगांठ मनाया। इस अवसर पर अंगार क्लब ने सीएमपीडीआई के मयूरी प्रेक्षागृह में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह वर्ष भारत को नोबेल पुरस्कार मिलने का 100वॉं साल भी है। 1913 में ही कवि गुरू रवीन्द्र नाथ को नोबेल पुरस्कार मिला था। अंगार क्लब यह कार्यक्रम उन्हीं के याद में मना रहा है। इसके साथ ही अंगार क्लब भी अपना 25वां वर्षगांठ भी मना रहा है।

इस कार्यक्रम में कोलकाता के मशहूर गायक श्री सुप्रतीक दास ने अपनी आवाज से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत सीएमपीडीआई के अधयक्ष-सह-प्रबंधा निदेशक श्री ए के देबनाथ ने दो ग्रुप गान से किया। ''तूमी केमोन कोरे गान करो हे गुणी'' और ''भारत अमार भारत भारतवर्ष'' इन दो गीतों को सर्वश्री ए के देबनाथ, पीएस राय, टीके मारीक, एस विश्वास तथा श्रीमती मौप्रिया पात्र, सर्व/श्रीमती तुलतुल राय, काजल कोनार, नीला साहा, नंदिनी दास एवं भारती विश्वास ने सम्मिलित रूप से गायन किया।



इसके बाद कोलकाता से आये गायक श्री सुप्रतीक दास ने समां बांधा। उन्होंने ठुमरी, ख्याल, रवीन्दसंगीत, नजरूल गीत एवं बांग्ला के आधुनिक गीतों को बड़े ही निराले अंदाज में प्रस्तुत किया।

मंच का संचालन सीएमपीडीआई के श्री सुदिप्ता चक्रवर्ती ने किया।